C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 295 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 24 मई 2025



सलमान के घर के आस-पास...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर राज्यपाल गुरमीत सिंह

**नैनीताल।** महामहीम राज्यपाल उत्तराखंड गुरमीत सिंह दिनांक 24 मई (शनिवार) को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहें है। इस आशय की जानकारी देते हुए एडीसी, राज्यपाल अमित श्रीवास्तव ने बताया महामहीम राज्यपाल महोदय दिनांक 24 मई (शनिवार) को देहरादून राजभवन से प्रातः 09 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस नजीबाबाद उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे । जिसके उपरांत प्रातः 11:30 बजे से कार से प्रस्थान कर अपराहन 02 बजे मण्डी गेस्ट हाउस काशीपुर पहुंचेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह 02:45 बजे से मण्डी गेस्ट हाउस काशीपुर से प्रस्थान कर शाम 04:45 बजे राजभवन नैनीताल पहुंचेंगे।

### बरेली जाने वाली ट्रेन में महिला का कीमती सामान चोरी

**हल्द्वानी।** काशीपुर से कासगंज जा रही पैसेंजर ट्रेन संख्या 55308 में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का कीमती सामान ट्रेन में ही चोरी हो गया। पीड़िता अनीता देवी ने इस संबंध में रेलवे पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनीता देवी निवासी सन्तोष नगर, गूलरभोज, 17 मई को अपने बेटे प्रियांशु के साथ ट्रेन संख्या 55308 में गूलरभोज रेलवे स्टेशन से बरेली के लिए रवाना हुई थीं। उन्होंने अपना ट्रॉली बैग अपने बेटे की सीट के ऊपर बर्थ पर रख दिया था, जबकि वह स्वयं कोच की दूसरी तरफ की सीट पर बैठी थीं।
जब ट्रेन सिडकुल हॉल्ट पर पहुंची, तो अनीता देवी ने अपने बैग की जांच की, जिसमें उन्होंने पाया कि बैग में रखे उनके कीमती आभूषण चोरी हो चुके हैं। अनीता देवी के अनुसार, बैग में रखे गए आभूषणों में दो सोने के हार, एक जोड़ी सोने के झुमके, दो जोड़ी चूड़ियां और एक जोड़ी कंगन शामिल थे। उन्होंने आशंका जताई है कि यह चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही अनीता देवी ने मामले की शिकायत जीआरपी से की। उन्होंने दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# चारधाम यात्रा: पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार

## एक दिन में ही 27 हजार से अधिक ने ऑफलाइन किया अप्लाई

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया है। अब तक ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो गया है।
चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बृहस्पतिवार को एक ही दिन में 27 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऑफलाइन पंजीकरण कराया। मई व जून माह की यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण स्लॉट फुल होने से अब ऑफलाइन पंजीकरण में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया है। अब तक ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो गया है। पर्यटन विभाग ने 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था। जिससे मई व जून माह की यात्रा के लिए स्लॉट उपलब्ध नहीं है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 28 अप्रैल से हरिद्वार, ऋषिकेश, हरबर्टपुर, नया गांव विकासनगर में ऑफलाइन पंजीकरण शुरू किया था। पहली बार 22 मई को 27 हजार से ज्यादा ऑफलाइन पंजीकरण किए गए। चारधाम यात्रा पंजीकरण के नोडल अधिकारी योगेंद्र गंगवार ने बताया कि आने दिनों में ऑफलाइन पंजीकरण की संख्या और बढ़ने की संभावना है। किसी भी श्रद्धालु को पंजीकरण करने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। कुल पंजीकरण के सापेक्ष अब तक 12 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधामों में दर्शन कर चुके हैं।



## ममता बनर्जी ने बैठक से दूरी बनाने का फैसला किया

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के रोडमैप पर विचार-विमर्श किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री की सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ पहली बड़ी बैठक है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को शुरू हुई। नई दिल्ली में गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विषय विकसित राज्य के लिए विकसित भारत@2047 है। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक से दूरी बनाने का फैसला किया। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में भाग न लेने के ममता बनर्जी के फैसले के पीछे का कारण अज्ञात है। नीति आयोग की सर्वोच्च संस्था परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ यह पहली बड़ी बैठक है। आम तौर पर पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है और पिछले साल यह 27 जुलाई को हुई थी। परिषद की पहली बैठक 8 फरवरी, 2015 को हुई थी।
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक ने अनिश्चित वैश्विक माहौल और उच्च व्यापार तनाव का हवाला देते हुए 2025-26 के लिए भारत के विकास अनुमानों को घटाकर क्रमशः 6.2 और 6.3 फीसदी कर दिया है। जनवरी में, आईएमएफ और विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर क्रमशः 6.5 और 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। बता दें कि नीति आयोग की शीर्ष संस्था गवर्निंग काउंसिल में सभी मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। पीएम मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। पिछले साल नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा नहीं लिया था।

### बैठक में अर्थव्यवस्था पर होगा फोकस



अधिकारी के अनुसार, बैठक में बजट 2025-26 में की गई पहलों और भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन की ओर से जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था मुश्किलों का सामना कर रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी की ओर जाने, चीन की वृद्धि दर में भारी गिरावट आने तथा वैश्विक स्तर पर देशों में आर्थिक गतिविधियों में मंदी आने की संभावना के बावजूद, भारत की चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.2-6.7 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद है।

# अब कम अंतराल में करेगी प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठकें

देहरादून
हमारे संवाददाता



सीएम धामी ने सचिव मंत्रिपरिषद शैलेश बगौली को प्रस्तावों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कैबिनेट की बैठक एक निश्चित समयावधि में कराने के निर्देश दिए हैं।
धामी सरकार अब कम अंतराल में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठकें करेगी। तीन साल से अधिक का कार्यकाल पूरा कर चुकी सरकार उन सभी प्रस्तावों पर तेजी से काम करना चाहती है, जो अवस्थापना कार्यों, औद्योगिक निवेश, खेती-बागवानी और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े हैं। इनमें से कई प्रस्तावों पर लंबे अंतराल में कैबिनेट बैठक होने से निर्णय नहीं हो पा रहे हैं। इस व्यावहारिक दिक्कत को देखते हुए सीएम धामी ने सचिव मंत्रिपरिषद शैलेश बगौली को प्रस्तावों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कैबिनेट की बैठक एक निश्चित समयावधि में कराने के निर्देश दिए हैं। इसी का नतीजा है कि इस बार 28 मई को कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। सचिव बगौली ने कैबिनेट बैठक बुलाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने माना कि प्रस्तावों की संख्या ज्यादा होने की वजह से अब कम अंतराल में कैबिनेट की बैठकें होंगी।विभागीय सूत्रों का कहना है कि कुछ विभागों के प्रस्ताव कैबिनेट के लिए भेजे गए हैं, लेकिन पहले से कई प्रस्ताव विचाराधीन होने के कारण उन पर चर्चा नहीं हो पा रही है।
इस कारण बैठक में एक साथ बड़ी संख्या में प्रस्ताव आ रहे हैं। कैबिनेट मंत्री भी चाहते हैं कि उनके पास बैठक में आने वाले प्रस्तावों पर गहन चर्चा के लिए पर्याप्त समय हो। अधिक संख्या में होने की वजह से सभी प्रस्तावों पर गहनता के साथ चर्चा के लिए पूरा वक्त नहीं मिल पा रहा है। माना जा रहा है कि कम अंतराल में कैबिनेट की बैठकें होंगी तो उनमें प्रस्तावों की संख्या भी सीमित रहेगी, जिससे इन पर चर्चा करने के लिए पूरा समय होगा।

**निर्देश**
- प्रस्तावों पर तेजी से होगा काम

# उत्तराखंड में ट्रैवल हिस्ट्री वाले दो मरीजों में कोरोना वायरस की पुष्टि

देहरादून
हमारे संवाददाता

देश में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। इसकी आहट अब उत्तराखंड में सुनाई दे रही है। उत्तराखंड में भी दो ऐसे मरीजों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है, जो बाहर से आए थे। इसमें से एक महिला मरीज गुजरात की यात्रा करके लौटी थी। महिला का ऋषिकेश एम्स में उपचार चल रहा है। जबकि दूसरी मरीज हाल ही में बेंगलुरु से लौटी है।
जानकारी के मुताबिक महिला एक चिकित्सक भी है। इन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाईयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मरीजों में इस तरह के लक्षण मिलने पर उनकी आवश्यक रूप से जांच कराने के भी निर्देश दिए हैं।



**अलर्ट**
- सभी चिकित्सा इकाईयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है


# यातायात: वीकेंड को लेकर पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वीकेंड पर शनिवार और रविवार को यातायात व्यवस्था बदली-बदली सी रहेगी। इसके लिए पुलिस ने प्लान जारी कर दिया है। यह निर्णय 24 और 25 मई को वाहनों का दबाव अधिक होने पर समय प्रातः 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा।
बरेली रोड हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम से अपने गन्तव्य को जायेंगे।
रूद्रपुर की ओर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन पंतनगर तिराहा (दिनेशपुर मोड, रुद्रपुर) से एनएच109 (नया हाईवे) होते हुए लालकुँआ से तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा से अपने गन्तव्य को जायेंगे व जो वाहन हल्द्वानी शहर की ओर आ जाते है उन्हें गन्ना सेंटर तिराहा से डायवर्ट कर बरेली रोड हल्द्वानी से तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा से अपने गंतव्य को जायेंगे।
रामनगर, बाजपुर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन कालाढूंगी से मंगोली होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। और कालाढूंगी रोड हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन ऊंचापुल और लालडांट से पनचक्की होते हुए जाएंगे।
वीकेंड के दौरान शनिवार एवं रविवार को यात्रा रूट में- (हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को और पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी) की ओर भारी वाहनों का आवागमन प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्र से शहर हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहनों को...

शेष पेज 2 पर

### नैनीताल, भवाली, भीमताल एवं कैंचीधाम के लिए ट्रैफिक प्लान



नगर नैनीताल के अन्दर पार्किंग स्थल भर जाने पर कालाढूंगी की ओर से आने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को शहर के बाहर अस्थायी पार्किंग रूसी-1 व नारायण नगर कालाढूंगी रोड़ में रोक कर पार्क कराया जायेगा एवं वहां से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जायेगा। हल्द्वानी की ओर से आने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को अस्थायी पार्किंग रूसी-2 हल्द्वानी रोड़ में पार्क कराया जायेगा एवं वहां से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जायेगा। नैनीताल एवं नम्बर-1 बैण्ड ज्योलिकोट की ओर से आने वाले एवं भवाली, कैंचीधाम की ओर जाने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को रातीघाट मार्ग सैनेटोरियम भवाली पर पार्क कराया जायेगा व भवाली सैनेटोरियम से शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम भेजा जायेगा। हल्द्वानी-भीमताल मार्ग से आने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को विकास भवन भीमताल से संचालित शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम, भवाली भेजा जायेगा। समस्त पर्यटकों/आम जनमानस एवं वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे शहर हल्द्वानी के रूट प्लान काभी अनुसरण कर नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा की ओर यात्रा करने का कष्ट करें।

# आदि कैलाश यात्रियों का किया भव्य स्वागत

पिथौरागढ़/नैनीताल

हमारे संवाददाता



आदि कैलाश यात्रा के तृतीय दल के यात्रियों के शुक्रवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में पहुंचने पर कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में आवास गृह के कर्मचारियों ने यात्रियों को माला पहनाकर व जूस पिलाकर स्वागत किया।

इस दौरान यात्रियों को शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम के तहत दीप जलाकर शहीदों को नमन कार्यक्रम से जोड़ा। गुरुरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओं अभियान के तहत शपथ दिलाई व शपथ रजिस्टर भरवाया। यात्रियों को गुंजी में पर्यटक आवास गृह के समीप पड़ी बंजर भूमि में यादों के जंगल में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए,यात्रियों ने कहा कि जहां वे आदि कैलाश व ओम पर्वत के दर्शन करेंगे वहीं प्रकृति संरक्षण के लिए भी पौधा लगाकर महान कार्य करेंगे। उन्होंने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में पर्यावरण संरक्षण के तहत किए गए कार्यों की सराहना की तथा कहा कि ऐसा सरकारी आवास गृह उन्होंने पहली बार देखा जिसमें पर्यावरण संरक्षण के तहत बृहद स्तर पर कार्य हुआ है। यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में भी पौधा रोपण किया। इस मौके पर पर्यटन विकास अधिकारी ललित मोहन तिवारी, दल के गाइड वेद प्रकाश भट्ट, हर सिंह, शेर सिंह, सौरव खोलिया, गोपाल बिष्ट, विजय बोरा, हंसी, महेश कुमार, दीपक, राजेंद्र व विनीत सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में आदि कैलाश यात्रा दल के द्वितीय दल के यात्रियों के पहुंचने पर आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने माला पहनाकर व जूस पिलाकर यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों ने कहा कि उनके ओम पर्वत व आदि कैलाश के दर्शन बहुत बढ़िया तरीके हुए साथ ही उन्होंने गुंजी में यादों के जंगल में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरु रानी ने जो उन्हें हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई उसके तहत उन्होंने उच्च हिमालय क्षेत्र में कूड़े का भी निस्तारण किया और अब वह यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। उन्होंने निगम द्वारा दी गई व्यवस्थाओं की सराहना की । यात्रियों का स्वागत करने वाले में गाइड चंदन सिंह, मनोज कुमार, बलवंत सिंह, बबलू व गजेंद्र धामी उपस्थित रहे। यात्रा दल में 24 महिलाएं व चार पुरुष शामिल रहे। यात्रा दल दिन का भोजन करने के बाद चौकड़ी के लिए रवाना हो गया।



# डबल मर्डर का वांछित अभियुक्त सागर हुड़िया पुलिस के हत्थे चढ़ा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में हुये डबल मर्डर में शामिल फरार हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। अब तक पुलिस पांच सगे भाईयों समेत मुख्य आरोपी एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस ने उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानतीय वारंट भी से जारी किया जा चुका था। एसएसपी ने बताया कि शुक्रवार सायं पुलिस को सूचना मिली कि बाप बेटे हत्याकांड में शामिल फरार सागर हुड़िया पुत्र अरुण कुमार हुड़िया सिंह निवासी वार्ड नंबर 12 आर्य समाज गली निकट भगतसिंह चौक कोतवाली रुद्रपुर के किच्छा रोड पर खड़ा हैं। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच उसे दबोच लिया। उन्होंने बताया कि सागर हुंडिया घटना के दिन से ही फरार चल रहा था। पुलिस लगातार गिरफ्तारी को दबिश दे रही थी। डबल मर्डर केस में अबतक पांच सगे भाइयों समेत दो मुख्य आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। सागर हुंडिया को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। विवेचना जारी है। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा एसएसआई ललित मोहन रावल, एसएसआई नवीन बुधानी,नरेश जोशी,दीप चंद्र आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। पुलिस के मुताबिक ईश्वर कालोनी निवासी बाप बेटे की दुकान पर कब्जा करने को लेकर हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2012 में दुष्कर्म के आरोप में जेल गया था । पुलिस के मुताबिक डबल मर्डर में गिरफ्तार सागर हुंडिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। एफआईआर नंबर .468/2012 धारा 363/366/376/506 आईपीसी थाना रुद्रपुर।

# जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का फर्जीवाड़ा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में चल रहे बृहद सत्यापन अभियान ने एक चौंकाने वाला फर्जीवाड़ा किया है। बनभूलपुरा क्षेत्र में कब्रिस्तान कमेटी के कुछ पदाधिकारियों द्वारा जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का गंभीर मामला सामने आया है। यह खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने एक शिकायत की जांच के दौरान एक ऐसे व्यक्ति के नाम पर जारी मृत्यु प्रमाण पत्र का पता लगाया, जिसे अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और जो वर्तमान में जमानत पर रिहा है। इस घटना ने प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग और दस्तावेजों की कूट रचना की गहरी साजिश को उजागर किया है।

एस एस पी प्रहलाद नारायण मीणा के कड़े निर्देशों पर बनभूलपुरा पुलिस ने गहन जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि कब्रिस्तान कमेटी के कुछ पदाधिकारी मोटी रकम के बदले जीवित व्यक्तियों और अन्य राज्यों में मृत लोगों के नाम पर फर्जी रसीदें बनवाकर नगर निगम से मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल कर रहे थे। इस साजिश में शामिल कब्रिस्तान कमेटी के पदाधिकारी इकबाल अंसारी, उनके पुत्र तनवीर अहमद और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ नगर निगम के रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु डॉ. मनोज कांडपाल की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और संकेत दिए हैं कि सत्यापन अभियान के तहत ऐसे अन्य फर्जीवाड़ों की भी जांच की जा रही है। यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि सामाजिक और कानूनी व्यवस्था पर भी सवाल उठाता है। फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों का उपयोग संपत्ति हड़पने, कानूनी दायित्वों से बचने या अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए हो सकता है, जिससे इसकी गंभीरता और बढ़ जाती है। नैनीताल पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को फर्जी दस्तावेजों या ऐसी गतिविधियों की जानकारी हो, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के अपराधों में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## NEWS / फटाफट

### पूर्व विधायक पाल ने सत्यापन कार्य की सराहना की

**नैनीताल ।** पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश प्राकृतिक रूप से समृद्ध है लेकिन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का समंवित विकास न हो पाने के कारण यहां ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पलायन हो रहा है। पलायन की रोकथाम कर ही उत्तराखंड को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रदेश भर में चल रहे सत्यापन कार्य की सराहना की। कहा कि इससे अवैध रूप से रह रहे लोग बेनकाब होंगे तथा पहाड़ मूल के लोगों को बेहतर लाभ मिलेगा। पूर्व विधायक पाल शुक्रवार को नैनीताल में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने बीते दिनों नैनीताल में बालिका से हुई दुष्कर्म की घटना की निंदा की। कहा कि ऐसे आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पीडिता की कुशल क्षेम पूछी और कहा कि सभी को उनकी मदद को आगे आना चाहिए। पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में बढ़ोत्तरी हुई है। पुलिस प्रशासन को नियोजन के साथ इसे कम करना चाहिए।

### हेमा बिष्ट बोहरा को मिली पीएचडी की उपाधि

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से हेमा बिष्ट बोहरा को शिक्षा शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। बता दें कि बोहरा के शोध का विषय स्टडी ऑफ कैरियर कॉन्शियसनेस अमंग फ़ीमेल ग्रेजुएट स्टूडेंट ऑफ उत्तराखंड इन रिलेशन टु देयर एजुकेशनल सोशियो फैमिलियल फैक्टर्स एंड एटीट्यूड टुवर्ड्स मॉर्डनाइजेशन था। उन्होंने अपना शोध कार्य शोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के शिक्षा संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रो. भीमा मनराल के दिशा- निर्देशन में पूरा किया। मेधावी हेमा बिष्ट बोहरा इससे पूर्व यूजीसी नेट, एमएड तथा एमएससी (बॉटनी) तथा एमए (शिक्षाशास्त्र) की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों और परिवार के सदस्यों को दिया है। बोहरा के मुताबिक उनके शोध कार्य को संपन्न करने में उनके पति देवेंद्र सिंह बोहरा (अधिवक्ता उच्च न्यायालय नैनीताल) का अमूल्य योगदान रहा। इस बीच हेमा बिष्ट बोहरा को पीएचडी की उपाधि हासिल होने पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर कर उनके ज्वलव भविष्य की कामना की है।

### यूनिवर्सल स्कूल में भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन



**हल्द्वानी ।** सीबीएसई द्वारा चलाई गई मुहीम भारतीय भाषा समर कैम्प–2025 के तहत यूनिवर्सल कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में 21 मई से भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है आज दिनांक 23 मई 2025 को पाँचवें दिवस के अंतर्गत शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया । उपरोक्त गतिविधियों में विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से प्रतिभाग किया जा रहा है आज आयोजित गतिविधि में उत्तराखंड के महान क्रांतिकारी, स्वाधीनता आंदोलनकारी श्रीदेव सुमन के व्यक्तित्व पर आधारित लघु फ़िल्म विद्यार्थियों को दिखाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने श्रीदेव सुमन के प्रेरणादायक व्यक्तित्व को देखा व समझा तथा उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व से प्रेरणा ली। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया मंजू जोशी , उप प्रधानाचार्य पीडी पलड़िया, समन्वयक एच एस बोरा, कंचन पंत एवं समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष

### वीकेंड को लेकर पुलिस ने प्लान...

समय प्रात: 09:00 बजे से 22:00 बजे तक जनपद सीमा पर रोका जाएगा। भवाली व भीमताल बाजार से हल्द्वानी को आने वाले भारी वाहनों को 01 बैंड से पीछे रोड के बांई ओर व एचएमटी तिराहा से अन्दर तथा पुलिस चौकी सलड़ी क्षेत्र में अमृतपुर मोड़ से अन्दर पार्क किया जायेगा। आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों का (जैसे दूध, फल, सब्जी, ईंधन, गैस,आदि) आवागमन समय 14:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक यात्रा रूट में प्रतिबन्धित रहेगा। काठगोदाम क्षेत्र में यातायात का दबाव अत्यधिक होने पर समय 15:00 बजे से20:00 बजे तक नैनीताल और भवाली के मस्जिद तिराहा से मैदानी क्षेत्र को जाने वाले समस्त पर्यटक वाहन नंबर 01 बैंड व रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट होकर रूसी बाईपास प्रथम होते हुए वाया कालाढुंगी से अपने गन्तव्य को जायेंगे। पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाली समस्त रोडवेज व केमू की बसें व टैक्सी वाहन अपने निर्धारित रूट से आयेंगे।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायलय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिये कानूनी सेवा योजना की जानकारी दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन में शनिवार को जिला कारागार नैनीताल में मनोन्याय (मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों) और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवा इकाई व बालकों के लिए कानूनी सेवा इकाई एलएसयूसी सदस्य डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेन्स कॉउन्सिल हेमा शर्मा व यशवंत कुमार ने कई जानकारियां दीं। उन्होंने मानसिक बीमारी वाले व्यक्ति एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिये कानूनी सेवा योजना 2024 तथा बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं बच्चों के लिए योजना-2024 के बारे में बतायी। इसके साथ ही डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स कॉउन्सिल हेमा शर्मा द्वारा बंदियों को बताया गया की यह योजना बाल अपराध, बाल विवाह व बाल श्रम और अन्य बाल संरक्षण मामलों से प्रभावित बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करती है, योजना में बाल न्यायालयों के साथ भी सहयोग किया जाता है ताकि बच्चों को कानूनी प्रक्रिया में आसानी हो। योजना बाल कल्याण संस्थाओं, सम्प्रेषण गृहों व विशेष घरों, बाल न्यायालयों व जेलों व अन्य जगहों पर रहने वाले बच्चों को सहायता प्रदान करती है। यशवंत कुमार द्वारा बन्दियों को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम- 2017 के बारे में बताया। कहा कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार होए भेदभाव से मुक्त हो।

# लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल में बाल कवि सम्मेलन सम्पन्न

भीमताल

हमारे संवाददाता



लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल में बाल कवि सम्मेलन की धूम रही। प्रात: विद्यालय सभागार में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता का व्यंग्य श्री सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ कवि एवं लेखक गौरव त्रिपाठी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य एस0एस0नेगी द्वारा त्रिपाठी को पर्यावरण व हरियाली का प्रतीक कुबेर का पौधा भेंट कर और शॉल ओड़ाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिसके उपरान्त बाल कवियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। कक्षा-3 से 5वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा दिए गए विषय 'मेरी बहना प्यारी बहना' पर कविता प्रस्तुत की गई जिसमें कार्तिक आगरी प्रथम, मनुश्री पन्त द्वितीय, दृष्टि दुम्का व देवांश जोशी तृतीय स्थान पर रहे और अद्रीजा पान्डे को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा-6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा दिए गए विषय 'हाय रे मोबाइल' पर प्रस्तुत की गई कविताओं में आराध्या उप्रेती प्रथम, रुचिर बिष्ट द्वितीय, सार्थक पान्डे व मिमांशा बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे और आराध्या रौतेला एवं मोहना भगत को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा 9 व 10वीं से 'मेरा भारत कैसा हो?' विषय पर कविता पाठ में दिव्येन्दु शर्मा प्रथम, हर्षिता जोशी द्वितीय और दक्षा पन्त को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा 11 व 12वीं से आतंकवाद पर सुनाई गई कविताओं के लिए हंसिका भंडारी व पल्लवी चैहान को प्रथम, अर्पिता राणा व कशिश साहू को द्वितीय, आस्था चनौतिया को तृतीय एवं मनस्वी आर्या को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक एवं अतिथि के रूप में हल्द्वानी से पधारे वरिष्ठ कवि गौरव त्रिपाठी ने सभी बाल कवियों को कविता लेखन की बारीकियों से अवगत कराते हुए हास्य कविता 'रात-रात भर रट्टा मारा, सुबह को सब उड़ जाए' प्रस्तुत की और सभी बाल कवियों को शुभकामनायें और आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य एस0एस0नेगी द्वारा गौरव त्रिपाठी द्वारा रचित पुस्तकें 'पैकेज का पपलू, 'कपूत', 'दोराहे पर जिंदगी', 'दामोदर दा', 'बच्चे ऑनलाइन हैं', 'पप्पू बैठा परीक्षा में' जैसी पुस्तकों का जिक्र करते हुए उनका आभार व्यक्त करने के साथ-साथ सभागार में उपस्थित सभी अतिथियो, विशिष्ट अतिथि, उपस्थित अभिभावक, शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद व्यक्त किया और सभी बाल कवियों की कविताओं की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका कंचन जोशी द्वारा किया गया।

# अभिमत



## बेरोजगार का पक्ष

***कुछ विभागों में कई साल से भर्ती नहीं हुई हैं। बहुत से युवा सरकारी सेवा के लिए निर्धारित आयु की सीमा पार कर चुके हैं। योग्यता के बाद भी बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं। पुलिस के दो हजार रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने माना है कि युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार हर साल भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं करती है।***

उत्तराखंड में विभिन्न विभागों की भर्ती परीक्षा में नकल माफिया, पेपर लीक और अनियमितता के कारण भर्ती रद्द की गई। कुछ विभागों में कई साल से भर्ती नहीं हुई हैं। बहुत से युवा सरकारी सेवा के लिए निर्धारित आयु की सीमा पार कर चुके हैं। योग्यता के बाद भी बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं। पुलिस के दो हजार रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने माना है कि युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार हर साल भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं करती है। युवा रोशन सिंह ने याचिका दायर कर कहा कि पुलिस भर्ती के लिए निर्धारित आयु सीमा 18 से 22 वर्ष है, जिसे बढ़ाकर 25 साल किया जाए। दरअसल पुलिस विभाग में जिला रिजर्व पुलिस, पीएसी, आईआरबी पदों के लिए अक्टूबर, 2024 में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने दो हजार पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। विज्ञप्ति में 1550 नये पद और वर्ष 2021-22, 2022-23 के 450 रिक्त पदों को भी शामिल किया गया। करीब चार साल तक भर्ती नहीं होने से याचिकाकर्ता रोशन सिंह की आयु अधिक हो गई। यह सिर्फ एक युवा का मामला नहीं है। पुलिस के साथ ही अन्य विभागों में भी हर साल भर्ती नहीं होती है, जबकि सेवानिवृत्ति की आयु वाले लगातार रिटायर होते रहते हैं। शासन और प्रशासन के सुचारु संचालन के लिए कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या आवश्यक है। उत्तराखंड सरकार को सभी विभागों में नियमित भर्ती का प्रयास करना चाहिए। पुलिस के साथ अन्य विभागों में भी आयु सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले पर्वतीय क्षेत्र में कानून व्यवस्था पटवारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद नये जिलों का गठन हुआ। नई कोतवाली, थाने और चौकियां खोली गईं। पुलिस को कानून व्यवस्था सौंपी गई। पिछले कुछ वर्षों में अपराध की संख्या में वृद्धि हुई है। भाबर और तराई के अलावा सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में संगीन अपराध हो रहे हैं, जबकि पहले पर्वतीय क्षेत्र को कानून व्यवस्था की दृष्टि से संतोषजनक माना जाता था। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्मैक, चरस, अवैध शराब के धंधे पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। यातायात और वीआईपी ड्यूटी का अतिरिक्त बोझ है। पुलिस में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने से अपराधों पर नियंत्रण लगेगा।

# जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में जनसुनवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में रामनगर के राजकीय इंटर कॉलेज जस्सागाजा में बीते दिवस जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पूर्वाहन 11 बजे से सांय 6 बजे तक चली जनसुनवाई में कुल 115 आवेदन विभिन्न समस्याओं से सबंधित प्राप्त हुए। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। पेयजल से सम्बंधित प्राप्त हुई, जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत छूटे घरों को जल सयोजन देने,अधूरी पेयजल लाइन को पूर्ण कर पेयजल उपलब्ध कराने सम्बंधित शिकायतें आई,इन समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने जल सस्थान व पेयजल निगम विभाग के अधिकारियों को इन गांवों में जाकर निरीक्षण कर समस्या का समाधान 10 दिन के अंतर्गत करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने क्षेत्र में भारी भारवाहक वाहन ओवरलोडिंग के साथ बिना किसी नियमों के लगातार गाँव के बीच आबादी से होते होते हुए गुजरते हैं जिससे लगातार दुर्घटनाओं की समस्या बनी रहती है। इस समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी के सम्मुख अपनी मांग रखी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने जिला खान अधिकारी को निर्देश दिए की वह अगले तीन दिन तक क्षेत्र में ही भ्रमण करेंगे और अवैध व अनियंत्रित रूप से चल रहे खनन वाहनों पर कार्यवाही के साथ ही जिन वाहनों का संचालन नियम अनुसार नहीं हो रहा है उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में बैरियर लगाना सुनिश्चित करें। इस दौरान नगर पालिका रामनगर क्षेत्र अंतर्गत सड़क में यातायात अवरोध बन रहे टेलीफोन खम्बो को हटाए जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने दूर संचार विभाग के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर ऐसे टेलीफोन खम्बो को हटाने के निर्देश दिए जो सड़क सेफ्टी में बाधक बने हैं। जिला अधिकारी ने कहा कि 10 दिन के भीतर अगर दूरसंचार विभाग इन खबो को नहीं हटाता है तो पालिका द्वारा स्वयं हटाते हुए उसको हटाने में व्यय धनराशि विभाग से वसूल की जाएगी। शिविर में कुल 115 आवेदन विभिन्न शिकायतों से सम्बंधित प्राप्त हुए। विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभागीय स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और जनता को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 64 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवा दी गई, आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 25 व्यक्तियों का स्वास्थ्य उपचार किया गया। शिविर में यू सी सी से संबंधित 7 आवेदन विवाह के पंजीकृत किए गए । खाद्य विभाग द्वारा 16 राशन कार्डों का सत्यापन का कार्य किया गया। कृषि विभाग द्वारा 60 व्यक्तियों को कृषि उपकरण आदि उपलब्ध कराए गए, पशुपालन विभाग द्वारा 8 पशुओं के उपचार हेतु दवा आदि वितरित की गई। राजस्व विभाग द्वारा 5 नए आधार कार्ड, 25 आधार कार्ड अपडेट किए गए एक चरित्र प्रमाण पत्र 6 स्थाई निवास प्रमाण पत्र एक जाति प्रमाण पत्र तथा एक परिवार रजिस्टर की नकल हेतु आवेदन प्राप्त किया। शिविर में विधायक रामनगर दिवान सिंह बिष्ट,कालाढूंगी बंशीधर भगत, प्रशासक ग्राम जस्सागांजा निधि महरा, चिलकिया हेमा बिष्ट, पीरू मदारा ज्वाला प्रसाद,जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, उपजिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार सहित क्षेत्रीय जनता विभागों के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।**

www.uttaranchaldeep.com

# कुलपति प्रो. रावत ने विवि से संबद्ध राजकीय महाविद्यालयों का किया निरीक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने वीरवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों राजकीय महाविद्यालय रामगढ़, राजकीय महाविद्यालय दोसापानी तथा महादेवी वर्मा पीठ सृजन पीठ का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण का उद्देश्य शैक्षणिक अनुशासन तथा उपस्थिति व्यवस्था व प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा विश्वविद्यालय की नवीनतम डिजिटल शिक्षण पहल के साथ ही ई–बुक्स एवं ऑनलाइन अध्ययन संसाधनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करना था। महादेवी वर्मा पीठ तथा महाविद्यालयों में व्यवस्थाएं सामान्य रूप से संचालित पाई गईं जबकि राजकीय महाविद्यालय दोसापानी में कई खामियां देखने को मिलीं। निरीक्षण के समय महाविद्यालय के प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए और शिक्षकों की उपस्थिति भी न्यूनतम स्तर पर थी।

उक्त स्थिति पर कुलपति प्रो. रावत ने गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे विश्वविद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और छात्रों के हितों के प्रतिकूल बताया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव देने हेतु निर्देशित किया है ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। कुलपति प्रो. रावत ने यह भी कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं डिजिटल संसाधनों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षा एवं संसाधनों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 नरसिंह दास एण्ड ब्रदर्स के भागीदार श्री नरसिंह दास साहू पुत्र श्री छोटे लाल साहू दिनांक 22.11.2024 को फर्म अलग हो गए हैं, उनका फर्म से बचे हुए 10 प्रतिशत का हिस्सा समाप्त हो चुका है, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उपनिबंधक कार्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।– **मै0 नरसिंह दास एण्ड ब्रदर्स। सी0 97, नवीन मण्डी स्थल, हल्द्वानी, जिला नैनीताल**

## फिल्मी दुनिया

# सलमान के घर के आस–पास मंडराना भी होगा मुश्किल




*बीते दिनों बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर में घुसने का प्रयास करने की हुईं दो अलग–अलग घटनाओं के बाद अब मुंबई पुलिस इस मामले में बड़ा एक्शन लेने की प्लानिंग कर रही है। मुंबई पुलिस के अधिकारी के मुताबिक, अब पुलिस सलमान के घर आने वालों की आते और जाते समय चेकिंग करने और मेहमानों पर कड़ी निगरानी रखने की तैयारी कर रही है। यही नहीं अब एक्टर के घर के आस–पास भी नजर आने वालों पर पुलिस सख्त नजर रखेगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई इन घटनाओं के बाद अब सलमान के बांद्रा स्थिति गैलेक्सी अपार्टमेंट में आने वालों की आते–जाते समय चेकिंग की जाएगी। साथ ही एक्टर की सुरक्षा भी बढ़ाए जाने की योजना बनाई जा रही है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि यह एक निजी इमारत है, इसलिए हर आने वाले की जांच करना एक चुनौती हो सकती है। जानकारी ये भी आ रही है कि अब नए गेस्ट्स को बिल्डिंग में एंट्री करने के लिए बिल्डिंग के निवासियों से अपनी पहचान करानी होगी।*

### दो घटनाओं के बाद पुलिस सतर्क

*जाहिर है कि बीते दिनों दो दिनों के अंदर दो बार सलमान खान के घर में घुसने का अंजान लोगों ने प्रयास किया। हालांकि, बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इन घटनाओं के सामने आने के बाद ही पुलिस एक्टिव हुई है और सलमान की सुरक्षा को और भी पुख्ता करने की तैयारी में लगी है। पिछले साल अप्रैल में बिश्नोई गिरोह के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर कई राउंड फायरिंग की गई थी। जिसके बाद ही सलमान को प्रदेश सरकार द्वारा वाई+ कैटेगरी की सिक्योरिटी मिली हुई है। इसके बावजूद हुई इन घटनाओं ने सुरक्षा पर सवाल उठा दिए हैं।*

# दबंग ने लीची तोड़ने पर किशोर को बंधक बना बेरहमी से पीटा

**हैवानियत**

- **मामला सोशल मीडिया पर चला तो हरकत में आई और आरोपी के खिलाफ तीन बाद कार्रवाई हुई**

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली क्षेत्र में दबंग द्वारा एक किशोर की लीची तोड़ने पर बंधक बना बेरहमी से पीटने का मामला सुर्खियों में आया तो पुलिस भी हरकत में आ गई और पीड़ित की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि पीड़ित की मां न्याय के लिए पुलिस की चौखट के चक्कर काट रही थी।

बगवाड़ा निवासी सुखविंदर कौर ने बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा कक्षा सात में पढ़ता है। बुधवार दोपहर बेटा पालतू कुत्ते को घूमाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान घर से कुछ दूरी पर एक युवक का लीची का बाग है। बेटे को बाग के करीब वाग वाले युवक ने उसे को पकड़ लिया। आरोप है कि बेटे को लीची तोड़ने का आरोप लगाते हुए बंधक बना लिया और बेटे की बेरहमी से पिटाई करना शुरू कर दिया। बताया कि कुछ देर बाद उनके पड़ोसी का बच्चा उनके पास आया और घटना की सूचना दी। इस पर वह भागकर मौके पर गई और और देखा कि बेटे के शरीर में काफी चोट के निशान थे। बेटा बगीचे पर बेहोश पड़ा हुआ था। आरोप है कि जब वह अपने बेटे को गोद में उठाने लगी, तो आरोपी ने उनको भी धक्का दे दिया। किसी तरह वह अपने बेटे को लेकर बगवाड़ा चौकी पहुंची। पुलिस ने उनको एक निजी अस्पताल में भेज दिया, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। इधर एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पीड़ित के पिता कमलजीत सिंह की तहरीर पर आरोपी मीन्टू सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी पक्ष ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दे गये। पुलिस उसकी भी जांच कर रही है।

## News कॉर्नर

### 322वें दिन भी जारी रहा पौधारोपण आंदोलन

नैनीताल । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 322वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के कार्यक्रम के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए -पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत शुक्रवार को पर्यटकों ने जहां पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया। वहीं उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण रोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यटन विकास अधिकारी ललित मोहन तिवारी समेत विजय बोरा उपस्थित रहे।

### वाहन चोरों ने मोटरसाइकिल पर किया हाथ साफ

हल्द्वानी। वाहन चोर नगर में एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं वहां चौराहे दिन वाहनों को चुराकर पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं हालांकि पुलिस अपनी चौकसी का दावा करती है लेकिन यह चौकसी चोरों के आगे बौनी साबित हो रही है चोरों ने एक और मोटरसाइकिल पर हाथ साफ करते हुए पुलिस को चुनौती दी है वाहन स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की पुलिस ने वाहन चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। ग्राम बासनी निवासी सुनील पांडे पुत्र उर्वादत्तपांडे 12 मई को अपने घर से अपनी मासी के घर अपनी बाइक पर सवार होकर दिन में गया था तब वह अपनी वाइफ को मासी के घर के पास खड़ी करके एक विवाह समारोह में गया जब वहां से गायब थी उसने आसपास के लोगों से बाइक के बारे में पूछताछ की लेकिन बाइक का कहीं भी पता नहीं लगा उसने मामले की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया।

# आत्मनिर्भर: निगम के आजीविका केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को मिल रहा रोजगार

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का महापौर विकास एवं नगर आयुक्त नरेश ने किया शुभारंभ

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

नगर निगम की ओर से गांधी पार्क के पास संचालित नगर आजीविका केन्द्र में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने आजीविका केन्द्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिलाओं समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को भी देखा। इस दौरान महापौर ने कहा कि दीन दयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 10000 महिलाओं को



आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। जिसके तहत प्रदेश भर में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी के तहत उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू कॉस्ट) द्वारा साई इंस्टीट्यूट आफ स्किल डेवलपमेंट के सहयोग से नगर निगम के आजीविका केन्द्र में जूट के बैग बनाने, ऐपण कला, गुलदस्ते बनाने, सहित अन्य स्वरोजगार आधारित 15 दिवसीय प्रशिक्षण चलाएं जा रहे हैं जिनमें 20-20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कई महिलाएं प्रशिक्षण ले चुकी हैं आगे भी स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण का कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। इस शिविर में तकनीकी प्रशिक्षण के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि प्रशिक्षण के उपरांत यह महिलाएं अपने खुद का उद्यम प्रारंभ कर सकें अथवा वे कहीं पर अपने लिए रोजगार ढूंढ सकें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का सपना है। इस पर नगर निगम भी अपने स्तर से पूरा प्रयास कर रहा है। नगर निगम ने कई काम महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंप रखे हैं। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्ज महिलाएं वसूल रही हैं। पार्कों के सौंदर्यीकरण और रखरखाव का काम भी नगर निगम ने महिला समूहों को सौंपा है। अब वार्डों में ट्रेड टैक्स लगाने एवं कामर्शियल वैरिफिकेशन का काम भी महिला स्वयं सहायता समूहों से कराया जा रहा है, इसकी शुरूआत वार्ड नंबर एक से हो चुकी है। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों की ड्रेस बनाने का काम भी महिला समूहों को दिलाने के प्रयास किये जा रहे हैं इस दौरान महिला समूहों द्वारा उत्पादि वस्तुओं को देखा और उनकी सराहना की। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे,यूकॉस्ट एवं साई इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष संजीव भटनागर ,ममता आर्य,रेनू शर्मा,रंजना सक्सेना, ममता , निर्मला, उमा सकलानी, दीपा सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

# लापता नाबालिग लड़की की बरामदगी को लेकर महिलाएं कोतवाली पहुंची

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

करीब एक माह पूर्व रम्पुरा से लापता हुई नाबालिग युवती की बरामदगी नहीं होने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में रम्पुरा की तमाम महिलाएं कोतवाली पहुंची और एसएसआई ललित मोहन रावल से मिली। इस दौरान उन्होंने नाबालिग लड़की की बरामदगी में पुलिस की कार्यवाई पर रोष जाहिर किया।। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि रम्पुरा निवासी 17 साल की युवती एक माह पूर्व लापता हुई थी, जिसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गयी है लेकिन अभी तक पुलिस उसका कोई सुराग नहीं निकाल पायी है, जिससे परिजनों को अनहोनी की चिंता सता रही है। ठुकराल ने एसएसआई से कहा कि लड़की को शीघ्र बरामदगी की जाए। इस दौरान लापता लड़की की मां ने बताया कि



**नाराजगी**

● एसएसआई से मिली, पुलिस की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

वह लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर चौकी, कोतवाली के चक्कर काट रही है। पुलिस से कोई मदद नहीं मिल रही। एसएसआई ने लडकी की शीघ्र बरामदगी का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही है इस दौरान ललित बिष्ट, चन्द्रपला कोली, अजयनारायण सिंह, सूरजमुखी, सरवती, कुषमा, ललती, विरमा देवी, रामवती देवी, पूनम देवी, लक्ष्मी, विमला, लज्जावती, प्रेमवती, किरन, लक्ष्मी देवी, मिथलेश देवी, आशा देवी, सरवेश, लक्ष्मी, कुसुम, नेमवती, सरबती, पूजा, संतोष देवी, रोशनी, कोमल, सीता, गीता, सरिता, उर्मिला,रामबेटी, पूनम, ज्योति आदि शामिल थे।

# जिलाधिकारी वंदना सिंह का समाजसेवी ने जताया आभार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल नगर के दूर करकोटक पहाड़ी के समीप स्थित ग्राम सभा भाकर के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली दिव्यांग रेखा ने अपना आधार कार्ड बन जाने पर खुशी जताते हुए समाजसेवी पूरन बृजवासी व जिलाधिकारी वंदना सिंह का विशेष आभार जताया है।

बता दें कि रेखा के परिजन रेखा का आधार कार्ड बनवाने की कोशिश लंबे समय से कर रहे थे लेकिन जनप्रतिनिधि व सिस्टम के आगे बेबस हो गए, जिस कारण गरीब परिवार की बेटी को सरकारी योजनाओं का लाभ तक नहीं मिल पाया, तभी इनका मामला नगर के कर्मठ समाज सेवी पूरन बृजवासी के पास आया तो उन्होंने पूरी जानकारी लेकर मामले से जिलाधिकारी वंदना सिंह को अवगत कराया जहां ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा द्वारा मामले पर संज्ञान लिया गया और आधार कार्ड ऑपरेटर को तत्काल दिव्यांग के घर जाकर आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए जिस पर शुक्रवार को ऑपरेटर ने तीन किमी की खड़ी चड़ाई सिस्टम के साथ पार कर दिव्यांग रेखा के घर जाकर उसका आधार कार्ड बनवाया। आधार कार्ड बनवाकर दिव्यांग रेखा तथा उनकी माता थापुली देवी एवं परिवार जन सभी मुस्काये और समाज सेवी बृजवासी एवं जिला प्रशासन का उन्होंने धन्यवाद अदा किया।



# डीएम वंदना ने ली मानसून से पूर्व तैयारी की समीक्षा को लेकर बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले में मानसून पूर्व तैयारी की समीक्षा को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण वंदना सिंह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आगामी मानसून से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सभी सड़क निर्माण ऐंजेसियों के अधिकारियों को जिले की सभी मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों की नालियों तथा स्कबर की सफाई मानसून प्रारम्भ होने से पूर्व करने के निर्देश जो पूर्व बैठक में दिए थे जिस पर विभाग से प्रगति मांगी गई तथा सभी उप जिलाधिकारियों को राज्य मार्ग व तहसीलदारों को प्रमुख जिला मार्गों का स्वयं क्षेत्र में जाकर निरीक्षण कर नाली तथा कलमठ सफाई कार्य का सत्यापन कर रिपोर्ट 10 जून (मंगलवार) तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम वंदना सिंह ने कहा कि मानसून पूर्व हुई बारिश में कतिपय स्थानों पर नालियां बंद होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है,मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित निकायों को चेतावनी जारी करते हुए नगरीय क्षेत्रों में बंद पड़ी नालियों को खोले जाने के साथ ही ड्रेनेज व्यवस्था ठीक करने हेतु सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हल्द्वानी नगर आयुक्त को वर्तमान में नगर में चलाए जा रहे नाले सफाई कार्य को 10 दिन के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए साथ ही जिलाधिकारी ने स्वयं भी बैठक से ही हल्द्वानी नगर निगम के अंतर्गत कुछ पार्षदों आदि से भी दूरभाष पर नाली सफाई कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिले में सभी 108 तथा विभागीय एंबुलेंस को सुचारू रखने तथा निर्धारित स्थानों में तैनात करने के साथ ही पर्याप्त दवा का स्टॉक रखे जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को विभागीय स्तर परआपदा तैयारी कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में आपदा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा भेजे गए आवश्यक कार्यों के आगणन को स्वीकृति भी दी गई । बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी, अपर जिलाधिकारी फि`चा राम चौहान, पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र सहित समस्त उप जिलाधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि रहे।

# हजारों रुपए की स्मैक समेत एक को दबोचा

हल्द्वानी। पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर उच्च न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल के लिए रवाना कर दिया गया है मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी से स्थानीय लोगों ने शिकायत की लक्ष्मी टॉकीज के पास खंडहर में नशेड़ी लोग बैठते हैं और वहां स्मैक की तस्करी भी करते हैं सूचना पाकर क्योंकि प्रभारी गौरव जोशी स्थानीय लोगों के साथ खंडहर पर पहुंचे जहां पुलिस को देख कुछ लोग भागने लगे लेकिन वही उसे खंडहर में बिस्तर लगाकर एक युवक बैठा हुआ दिखाई दिया।

# पुलिस ने फरार फायरिंग प्रकरण में नामजद आरोपी को दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में डेढ़ माह पहले एक युवक पर जान से मारने के इरादे से फायरिंग की थी। पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दूसरा फरार था।

पुलिस ने फायरिंग में शामिल फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक 12 अप्रैल की रात आदर्श कालोनी वैष्णो मंदिर के समीप मलिक कालोनी निवासी यश घई पर दो

**कार्रवाई**

● युवक पर किया था रंजिशन फायरिंग, एक आरोपी पहले जेल भेजा जा चुका है

लोगों ने फायरिंग कर दी। इस मामले में पीड़ित ने अमान पुत्र सित्बे अली निवासी और आकाश उर्फ आगाज पुत्र नन्हे निवासी वार्ड 17 खेड़ा कालोनी को नामजद किया गया। विवेचना चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह कर रहे। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि विवेचक ने घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें दोनों को चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अमान को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि आकाश फरार चल रहा। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने फायरिंग करने में नामजद फरार आकाश उर्फ आगाज को सिटी क्लब के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की संचालित योजनाओं की समीक्षा की

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आयुक्त/सचिव मा. मुख्यमंत्री, दीपक रावत, ने कैम्प कार्यालय में मंडल के कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान आयुक्त रावत ने कहा कि जैविक कृषि को बढ़ावा देने, कृषकों को नवीन एवं आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, पर्वतीय क्षेत्रों की पारंपरिक फसलों को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यान के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों में आम जनमानस और किसानों की आय कैसे बढ़ाई जाए, इस पर ठोस कार्ययोजना



तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी योजना बनाई जाए, जिसके अंतर्गत बेहद कम ब्याज दर पर निश्चित धनराशि किसानों को दी जाए, जिससे वे कृषि अथवा उद्यान से संबंधित कोई रोजगारपरक योजना प्रारंभ कर सकें।आयुक्त रावत ने कहा कि कृषि एवं उद्यान दोनों क्षेत्रों में नवाचार के माध्यम से पर्वतीय अंचल में आर्थिक क्रांति लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में ओलावृष्टि से किसानों को भारी क्षति हुई है, विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में उद्यानिकी को काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में उन्होंने संयुक्त निदेशक उद्यान, अजय पाल, को निर्देश दिए कि जिन किसानों की आड़ू, खुमानी, सेव तथा सब्ज़ी फसलों को नुकसान हुआ है, उनका शीघ्र आकलन कर क्रॉप इंश्योरेंस की धनराशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। समीक्षा बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि, पी.के. सिंह, ने अवगत कराया कि मंडल में 1502 क्लस्टर के माध्यम से कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत इन क्लस्टरों को पावर ट्रेलर, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स एवं ग्रेडिंग तथा पैकेजिंग मशीनें कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सत्यापन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में 3 लाख 75 हजार किसानों का सत्यापन किया जा चुका है।